उत्तर प्रदेश मेडिकल कौंसिल

5, सर्वपल्ली, माल एवेन्यू रोड, लखनऊ - 226001, उ0प्र0, भारत

फोन : 0522 - 2238846, 2236600, फैक्स : 0522-2237800

पत्रांक सं0 9095/21 दिनांक 5.11.2021

सेवा में,

डीन/प्रधानाचार्य,
समस्त मेडिकल कालेज (शासकीय/निजी क्षेत्र),
उत्तर प्रदेश।

विषय–नेशनल मेडिकल कमीशन, नई दिल्ली द्वारा विषयवार अतिरिक्त योग्यता (पी0जी0 सीट) की वैध सीटों की संख्या प्रत्येक वर्षवार एवं वर्ष 2020–21 जारी करने के संबंध में।

महोदय/महोदया,

नेशनल मेडिकल कमीशन, नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त उत्तर प्रदेश के समस्त मेडिकल कालेजों (शासकीय/निजी क्षेत्र) को सूचित किया जाता है कि वर्ष 1991 से लेकर आज तक तथा वर्ष 1991 से पूर्व उनके मेडिकल कालेजों में अतिरिक्त योग्यता (पी0जी0 सीट) की मान्यता प्राप्त सीटों की संख्या उनमें प्रवेशित/उत्तीर्ण छात्रों की सूची विषयवार एवं वर्षवार इस कौंसिल को डाक के माध्यम से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

नेशनल मेडिकल कमीशन, नई दिल्ली द्वारा ई–मेल के माध्यम से अवगत कराया गया है कि वर्ष 2020–21 बैच की अतिरिक्त योग्यता (पी0जी0 सीट) को कोविड महामारी के कारण मान्यता दे दी गयी है। अतः समस्त मेडिकल कालेजों (शासकीय/निजी क्षेत्र) उक्त बैच के पी0जी0 उत्तीर्ण छात्रों की परमिटेड एवं मान्यता प्राप्त सीटों की संख्या एवं उनमें प्रवेशित/उत्तीर्ण छात्रों की पृथक सूची विषयवार इस कौंसिल को डाक अतिशीघ्र उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, जिससे कि इनके अतिरिक्त योग्यता का पंजीयन किया जा सके। साथ ही जो अभ्यर्थी (फोटो, हस्ताक्षर एवं सीट प्रोफार्मा) सत्यापन के लिए आपके मेडिकल कालेज में आते है, उन्हें भी उक्त सूची की एक प्रति उपलब्ध करायें, अन्यथा 2020–21 बैच के उत्तीर्ण छात्रों के अतिरिक्त योग्यता का पंजीयन संभव नहीं होगा।

भवदीय,

रजिस्ट्रार,
उ0प्र0 मेडिकल कौंसिल।